हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 21 दिसंबर 2025

04 कृषि विभाग का दावा, अन्नदाताओं के लिए...



07 नपं ने बस स्टैंड से अतिक्रमण हटाया...





## खबर संक्षेप

### भागवत कथा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



**नर्मदापुरम।** भक्ति और शक्ति के संगम का एक दिव्य स्वरूप गीता मैरिज पैलेस भवन, नर्मदापुरम में देखने को मिला। यहां विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति की सदस्यों ने महर्षि याज्ञवल्क्य सनातन कल्याण समिति के तत्वावधान में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में सहभागिता की। मातृशक्ति की टोली ने व्यास पीठ का पूजन कर कथावाचक का आत्मीय अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान विहिप मातृशक्ति की बहनों ने व्यास पीठ पर विराजमान सुप्रसिद्ध कथावाचक आचार्य पंडित अविनाश मिश्रा का स्वागत किया। भक्तिमय वातावरण के बीच श्रद्धालुओं ने कथा के अमृत वचनों का आनंद लिया। इस अवसर पर वृंदावन से पधारे विद्वान पुरोहितों के सानिध्य में सर्व पितृ मोक्षार्थ हेतु सामूहिक मूलपाठ भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

### आज साल का सबसे छोटा दिन, अद्भुत नजारा

**इटारसी।** यदि आज आपको महसूस हो रहा है कि दिन की रोशनी जल्दी खत्म हो रही है, तो यह आपकी कल्पना नहीं बल्कि एक खगोलीय घटना है। आज यानी 21 दिसंबर रविवार को साल का सबसे छोटा दिन और सबसे लंबी रात होने जा रही है।नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने इस घटना के पीछे के रोचक वैज्ञानिक तथ्यों को साझा किया

### डॉ. अरविंद सिंह चौहान स्मृति अलंकरण आयोजन संपन्न



**सोहागपुर।** जवाहरलाल नेहरू स्मृति महाविद्यालय सोहागपुर में शनिवार को वार्षिकोत्सव एवं डॉ. अरविंद सिंह चौहान स्मृति अलंकरण आयोजन किया गया। समारोह में अतिथि रूप में सांसद दर्शन सिंह चौधरी, पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे, पूर्व विधायक सविता दीवान, सोहागपुर नपाध्यक्ष लता पटेल आदि उपस्थित थे। कॉलेज से निकाय अध्यक्ष कैलाश पालीवाल, शिक्षा समिति अध्यक्ष कन्नूलाल अग्रवाल, सचिव हमीर सिंह चंदेल तथा प्राचार्य डॉ. एनके नीखरा ने बताया कि कॉलेज प्रबंधन ने इस अवसर पर शैक्षणिक क्षेत्र में सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया।

---

### सतवास में नियमों के विरुद्ध एक ही भवन में स्कूल व कॉलेज हो रहे संचालित

# जांच में गंभीर अनियमितताओं का खुलासा उच्च शिक्षा विभाग की कार्रवाई का इंतज़ार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



सतवास स्थित दादाजी महाविद्यालय में शिक्षा व्यवस्था की गंभीर अनियमितताओं और प्रशासनिक लापरवाही का बड़ा मामला सामने आया है। तहसीलदार सतवास अरविंद दिवाकर द्वारा विगत 2 दिसंबर को राजस्व दल के साथ किए गए निरीक्षण में कॉलेज प्रशासन की कई गंभीर खामियाँ उजागर हुई हैं। मिली जांच रिपोर्ट के अनुसार महाविद्यालय का संचालन शिक्षा नियमों के विपरीत, असुरक्षित परिस्थितियों में और आवश्यक शैक्षणिक संसाधनों के बिना किया जा रहा है, की गई जांच में कई अनियमितताएं, विसंगतियां पाई गई है, अब स्थानीय प्रशासन को कार्रवाई के लिए उच्च शिक्षा विभाग के जिम्मेदारों का इंतजार है।

#### जांच में मिली कमियां

सतवास तहसीलदार अरविंद दिवाकर द्वारा की गई जांच में एक ही बिल्डींग में स्कूल एवं कॉलेज का संचालन किया जाना पाया गया था, जबकि नियमानुसार स्कूल कॉलेज की बिल्डींग पृथक-पृथक होना चाहिए। साथ ही महाविद्यालय में तीन संकाय कॉमर्स, आर्ट्स एवं साईंस का अध्यापन कराए जाने अंतर्गत साइंस संकाय में बायो टेक्टनोलॉजी, बॉटनी, केमेस्ट्री, माइक्रो बायोलाजी, सीड टेक्नोलॉजी, जूलॉजी के विषयों के अध्यापन कराएं जाने का उल्लेख किया गया है लेकिन उक्त विषयों के व्याख्याता का कालेज में अभाव है। उक्त विषयों की लैब में आवश्यक उपकरणों ही नहीं है। कम्प्यूटर लैब में मात्र 13 कम्प्यूटर है, जो की जांच में बंद पाए गए है, जबकि महाविद्यालय के लिए न्यूनतम 30 कम्प्यूटर सिस्टम की उपलब्धता आवश्यक है। ऐसे में विद्यार्थियों की शैक्षणिक स्थिति का अनुमान लगाया जा सकता है। शैक्षणिक स्टॉफ में एक ही परिवार के 4 लोगों अवनी व्यास, ज्योति व्यास, कंचन व्यास तथा दीपिल व्यास को दर्शाया गया है। जिसमें से दीपिल व्यास संस्था के डायरेक्टर एवं कंचन व्यास को महाविद्यालय का सचिव बताया गया है। इसी तरह कॉलेज के समिति भी बनाई गई है, जो नियम विरुद्ध है।

#### 407 विद्यार्थी छात्रवृत्ति योग्य

महाविद्यालय में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति अंतर्गत अ.जा. के 40 अजजा के 42, पिछड़ा वर्ग 190, गांव की बेटी योजना में 135 विद्यार्थियों का उल्लेख किया गया है। ऐसे छात्रों की जांच की जाए कि इनका प्रवेश इस कॉलेज के साथ-साथ अन्य कॉलेज में है या नहीं तथा प्रत्येक विद्यार्थी के कथन लिए जाए कि उनको मिलने वाली छात्रवृत्ति का उपयोग विद्यार्थीयों द्वारा किया जाता है या संस्था द्वारा किया जाता है। इस प्रकार 407 विद्यार्थी एससी, एसटी ओबीसी और महिला होना पाया गया, जांच के दौरान इनमें से मौके पर मात्र 3-4 विद्यार्थी पाए गए है।

#### उच्च अधिकारियों से जांच और ऑडिट कराए

अपने जांच पत्र में तहसीलदार अरविंद दिवाकर ने उल्लेख किया है कि महाविद्यालय श्री दादाजी शैक्षणिक एवं सामाजिक संस्था के नाम से पंजीकृत है। इस संस्था का वरिष्ठ लेखा अधिकारियों से ऑडिट कराया जाए तथा ऑडिट एवं खातों की जांच कराई जाए सूत्रों की माने तो पिछड़ा विभाग से संबंधित जवाबदार पिछले दिनों कॉलेज पहुंचे थे, लेकिन उच्च शिक्षा विभाग से अभी तक कोई जवाबदार कॉलेज नहीं पहुंचा है।

#### जांच में मिली थी कई कमियां

उच्च शिक्षा विभाग इसकी जांच करे। मैंने अपनी जांच में कई कमियां पाई थी, जिन्हें जांच पत्र के माध्यम से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है।

**अरविंद दिवाकर,** तहसीदलार

---

### पुलिस का फसल सीजन सुरक्षा: अभियान

## किसानों को जालसाजों और लुटेरों से सावधान रहने की हिदायत दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की सुरक्षा व्यवस्था अब और भी चाक-चौबंद होने जा रही है। रिजर्व की मशहूर डॉग टीना के बाद अब एक और शिकारी शिकारी डॉग अपोलो ने अपनी आमद दर्ज करा दी है। संजय टाइगर रिजर्व (सीधी) से ट्रांसफर होकर आए अपोलो का नर्मदापुरम पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया।

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की क्षेत्र संचालक राखी नंदा एवं उप संचालक ऋषिभा सिंह नेताम के विशेष प्रयासों और आदेशानुसार, अपोलो को विधिवत कार्यवाही पूरी कर सीधी से नर्मदापुरम लाया गया है। अपोलो की तैनाती का मुख्य उद्देश्य रिजर्व में अवैध शिकार, वन्यजीव तस्करी और संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखना है। इटारसी के सूरजगंज बांस डिपो में जब अपोलो पहुंचा, तो माहौल किसी उत्सव जैसा था। सहायक संचालक बोरी अभयारण विनोद वर्मा, रिटायर्ड डिप्टी रेंजर केएल गुर्जर और अन्य स्टाफ ने अपोलो को फूल-मालाएं पहनाकर उसका स्वागत किया। अपोलो की इस यात्रा और नई तैनाती में डॉग हैंडलर पदम सिंह राजपूत, सेवराम उइके और सीधी से आए रवि सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**क्यों खास है अपोलो का आना:** सतपुड़ा टाइगर रिजर्व अपनी विषम भौगोलिक परिस्थितियों और घने जंगलों के लिए जाना जाता है। ऐसे में इंसानी गश्त के साथ-साथ स्निफर डॉग्स की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। अपोलो वन्यजीवों के अंगों की तस्करी और जंगल में छिपे शिकारियों को खोजने में माहिर है।

**टीना को मिलेगा साथ:** अब तक डॉग टीना अकेले मोर्चे पर तैनात थी, अब अपोलो के आने से सुरक्षा का घेरा दोगुना मजबूत हो जाएगा। सहायक संचालक बोरी अभयारण विनोद वर्मा ने कहा. वन्यजीवों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। अपोलो के आने से हमारी सर्विलांस टीम को तकनीकी और जमीनी स्तर पर बड़ी मजबूती मिलेगी।

---

## मतदाता सूची पुनरीक्षण, तहसीलदार ने बीएलओ व सुपरवाइजरों को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के अगले चरण को लेकर तहसील कार्यालय में बीएलओ और सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। तहसीलदार सुनीता साहनी ने निर्वाचन प्रक्रिया के द्वितीय चरण की बारीकियों से अमले को अवगत कराया। घर-घर सत्यापन का प्रथम चरण 18 दिसंबर को समाप्त हो गया है। अब द्वितीय चरण 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक चलेगा। तहसीलदार ने बताया कि ऐसे मतदाता जिनका नाम 2003 की सूची में न होने के कारण मैपिंग नहीं हो पाई है, उनके लिए ईआरओ द्वारा नोटिस जारी किए जाएंगे। नोटिस मिलने पर मतदाताओं को आयु वर्ग के अनुसार आवश्यक दस्तावेज जमा करने होंगे। दावा-आपत्ति में किस उम्र समूह के मतदाता से कौन से दस्तावेज प्राप्त करन सिखाया।

## कालेज चलो अभियान: हायर सेकंडरी स्कूल का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



कॉलेज चलो अभियान के तहत श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर प्राचार्य डॉ. नीता चौबे के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के प्राध्यापकों की टीम ने डॉ. आईएस कनेश के नेतृत्व में शासकीय मॉडल हॉयर सेकेंडरी स्कूल माखन नगर का दौरा किया। जिसके अंतर्गत डॉ. आईएस कनेश ने स्कूल में 12 वी कक्षा में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को महाविद्यालय में प्रवेश, शासन की विभिन्न योजनाएं गांव की बेटी योजना, मेधावी छात्र छात्रा योजना, आवास योजना, छात्रवृति योजना, महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों की विषयवार विस्तृत संपूर्ण जानकारी प्रदान की।

डॉ. धर्मेंद्र सिंह चौहान ने अनुशासन और व्यक्तित्व विकास हेतु एनसीसी और एनएसएस के महत्व को बताने के साथ साथ मेजर, माइनर एवं ओपन इलेक्टिव विषय के अंतर और नवीन शिक्षा नीति में संचालित एमडीसी विषय की महत्ता को समझाया। कॉलेज चलो अभियान द्वारा संचालित इस व्याख्यान पर विद्यालय की प्राचार्य प्रीति झा एवं अन्य शिक्षकों के साथ विज्ञान संकाय, कला संकाय, वाणिज्य संकाय के 83 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। प्राचार्य ने छात्र छात्राओं को माखन नगर महाविद्यालय में प्रवेश हेतु प्रोत्साहित करने का आश्वासन दिया।

---

## गाडगे महाराज पुण्यतिथि पर रजक समाज ने खिचड़ी बांटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



मानवता के महान पुजारी और स्वच्छता अभियान के जनक संत श्री गाडगे महाराज की 69 वीं पुण्यतिथि रजक समाज ने श्रद्धापूर्वक मनाई। इस अवसर पर नगर में विभिन्न सेवा कार्यों का आयोजन किया। रजक पर्सनल लॉ बोर्ड के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश प्रभारी राजकुमार मालवीय ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत संत श्री गाडगे महाराज चौराहा पर हुई, यहां समाज के लोगों ने संतश्री की आरती उतारी और उनके जयकारे लगाए।

इस दौरान राहगीरों और उपस्थित जनों को खिचड़ी एवं प्रसादी का वितरण किया गया। सेवा कार्यों की अगली कड़ी में संत श्री गाडगे धाम, मंजी बाबा देव स्थल, नाला मोहल्ला में फलदार वृक्षों का रोपण किया गया। समाज के वरिष्ठों ने संत गाडगे महाराज के स्वच्छता और सेवा के संदेश को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

आयोजन में मुख्य रूप से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार मालवीय, वीरू बाथरी, अखिल भारतीय रजक महासंघ के प्रदेश संगठन मंत्री अशोक कुमार मालवीय, राजू श्रीवास, संदीप तिलोटिया, लोकेश मालवीय, दीपक मनवारे, गौरव, सोनू तिलोटिया उपस्थित रहे।

## सोहागपुर में 'दो साल बेमिसाल' कार्यकर्ता सम्मेलन में उपलब्धियों पर हुआ व्यापक मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



मप्र की भाजपा सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर शुक्रवार दोपहर सोहागपुर विधानसभा मुख्यालय पर 'दो साल बेमिसाल' कार्यकर्ता सम्मेलन किया गया। सम्मेलन में विधानसभा क्षेत्र के सभी पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सोहागपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्विनी सरोज ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य प्रदेश सरकार के दो वर्षों के कार्यकाल में लागू की गई जन कल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और उपलब्धियों की जानकारी कार्यकर्ताओं के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने का है। सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलाया गया कि वे योजनाओं की जानकारी जन-जन तक ले जाएंगे।

सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा बीते दो वर्षों में किए गए कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक सविता दीवान ने क्षेत्रीय विधायक विजयपाल सिंह के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की योजनाओं और उनके जमीनी प्रभाव की जमकर सराहना की।

उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों का सीधा लाभ गरीब, किसान, महिला और युवा वर्ग को मिल रहा है। जिससे प्रदेश में सामाजिक और आर्थिक स्तर पर सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं।

भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने कहा कि सरकार की योजनाओं को केवल जानना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक उन्हें पहुंचाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

## मनवाड़ा के शुभम की हत्या, बागरा के जंगल में बरामद हुई लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ आंचलखेड़ा



ग्राम मनवाड़ा निवासी लापता करण और शुभम कीर दोनों की मौत हो गई है। शनिवार को बागरा तवा जंगल में रेलवे ट्रैक पर पुलिस को एक युवक के शव की सूचना मिली थी, पुलिस ने परिजनों को मौके पर ले जाकर शिनाख्त कराई तो लाश की पहचान शुभम के रूप में हुई है। बता दे कि बुधवार से दोनों युवक करन कीर और शुभम कीर लापता थे। दोनों युवकों की मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। बताया जा रहा है कि इनका किसी युवक से झगड़ा भी हुआ था। तभी से दोनों लापता थे। परिजनों ने आशंका जताई है कि दोनों युवकों के साथ कोई बड़ी घटना हुई है। शुभम की लाश मिलने के बाद अब मामला और पेंचीदा हो सकता है।

#### इनका कहना है...

- लापता शुभम कीर का शव बागरा रेलवे ट्रैक के पास मिला है, परिजनों ने शिनाख्त की है। रविवार को उसका पोस्टमार्टम कराया जाएगा और जो तथ्य सामने आएंगे उसके अनुसार जांच की जाएगी।

**संजू चौहान, एसडीओपी सोहागपुर**

---

### रेलवे स्टेशन: नए टिकट विंडो के सामने बढ़ रही है व्यवस्थाएं

## बैठक व्यवस्था बनी, सोमवार से मिलेगा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

रेलवे स्टेशन के नए टिकट काउंटर और फुट ओवरब्रिज क्षेत्र में यात्रियों की परेशानियों को लेकर जेडआरयूसीसी सदस्य राजा तिवारी के गुरूवार को किए निरीक्षण के बाद रेल प्रशासन हरकत में आया और अब यहां बुनियादी सुविधाएं बहाल होना शुरू हो गई हैं।



#### कुर्सियां लगीं, यात्रियों को मिली राहत

नये फुट ओवरब्रिज के नीचे स्थित टिकट घर के सामने अब तक यात्रियों के बैठने की कोई व्यवस्था नहीं थी, जिससे बुजुर्गों और महिलाओं को काफी परेशानी होती थी। राजा तिवारी द्वारा दिए गए निर्देशों के बाद रेल प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए यहां बैठने के लिए बेंचों (कुर्सियों) की व्यवस्था कर दी है। पेयजल और शौचालय का काम भी पाइपलाइन मेंरेल अधिकारियों के अनुसार, आगामी सोमवार तक नए टिकट विंडो क्षेत्र में पानी का कनेक्शन लग जाएगा। अगले 8 से 10 दिनों के भीतर यहां यूरिनल और शौचालय की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया गया है।

#### जाम से मिलेगी स्थाई मुक्ति

निरीक्षण के दौरान राजा तिवारी ने नवनिर्मित ऑटो स्टैंड के कार्यों की भी समीक्षा की। स्टेशन के बाहर यातायात को सुव्यवस्थित करने के लिए ऑटो स्टैंड का निर्माण अब अंतिम चरणों में है। इसके शुरू होने से स्टेशन परिसर में आए दिन लगने वाले ट्रैफिक जाम से आम जनता को निजात मिलेगी।

#### सुधर रही है सूरत

रेलवे स्टेशन की टिकट विंडो और नया फुट ओवर ब्रिज चालू होने के बाद इटारसी स्टेशन की सूरत लगातार बदल रही है। पुरानी अव्यवस्थाएं धीरे-धीरे अब खत्म हो रही है और नए व्यवस्थाएं धीरे-धीरे आकर ले रही हैं।

#### इनका कहना है...

हमारा लक्ष्य है कि नए टिकट विंडो पर आने वाले हर यात्री को सुगम अनुभव मिले। ऑटो स्टैंड का निर्माण पूरा होते ही व्यवस्थित वाहन सुविधा मिलेगी और ट्रैफिक जाम की समस्या भी समाप्त हो जाएगी।

**राजा तिवारी,** जेडआरयूसीसी सदस्य

## कांग्रेस नेता मानक अग्रवाल का आज इटारसी दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता 21 दिसंबर रविवार को अपने गृह नगर इटारसी के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे संगठन की मजबूती और आगामी चुनावों की तैयारियों के मद्देनजर महत्वपूर्ण बैठकों में भाग लेंगे।

जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार ने जानकारी देते हुए बताया कि मानक अग्रवाल दोपहर 12 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंचेंगे। यहां अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की सचिव उषा नायडू की विशेष उपस्थिति में मतदाता पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूचियों के शुद्धिकरण और नए मतदाताओं को जोडने की प्रक्रिया पर चर्चा करना है। समीक्षा बैठक के बाद मानक अग्रवाल स्थानीय कांग्रेस पदाधिकारियों और जमीनी कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे। इस दौरान वे स्थानीय राजनीतिक विषयों और संगठन की गतिविधियों पर चर्चा करेंगे।

इसके उपरांत वे शहर में आयोजित विभिन्न निजी कार्यक्रमों में भी सम्मिलित होंगे। जिला कांग्रेस कमेटी नर्मदापुरम ने शहर एवं जिले के सभी सम्मानीय कांग्रेस जनों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे रविवार दोपहर 12 बजे जिला कार्यालय में उपस्थित रहें।

## मसीह समाज ने दिया यीशु के जन्म का संदेश

**इटारसी।** प्रभु यीशु मसीह के जन्मोत्सव 'क्रिसमस' की तैयारियां मसीह समाज में हर्षोल्लास के साथ शुरू हो गई हैं। इसी कड़ी में समाज के विभिन्न समूहों द्वारा घर-घर जाकर 'कैरोल सिंगिंग' के माध्यम से प्रभु के आगमन का शुभ संदेश दिया जा रहा है। क्रिसमस से पूर्व मसीह समाज के लोग टोलियों में घर-घर पहुँचते हैं और पारंपरिक गीतों के माध्यम से 'क्रिस्ट जयंती' की शुभकामनाएं देते हैं। न केवल गायन होता है, बल्कि परिवार की सुख-समृद्धि और समाज के कल्याण के लिए विशेष प्रार्थना भी की जाती है।



### जिले में उर्वरक का पर्याप्त भंडारण, अब तक 67720 एमटी खाद का वितरण

# कृषि विभाग का दावा, अन्नदाताओं के लिए नहीं आएगी खाद की कोई कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

किसानों को रबी सीजन में खाद की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा। कृषि विभाग के पास जिले में मांग के अनुरूप खाद उपलब्ध है। वैसे कृषि विभाग ने पिछले वर्ष के समानांतर अभी तक खाद का वितरण कर दिया है और 18 हजार मीट्रिक टन खाद का भंडारण भी मौजूद है। कृषि विभाग का कहना है कि किसानों को खाद-बीज को लेकर किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके तहत सोसायटियों में पर्याप्त मात्रा में खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। किसान अपनी अपनी सोसायटियों के माध्यम से खाद का उठाव कर सकते है। दरअसल कृषि विभाग द्वारा इस साल 3 लाख 52 हजार हेक्टेयर में रबी सीजन का रकबा निर्धारित किया गया है और रकबे के अनुरूप खाद की भी आवश्यकता होती है। बताया जा रहा है कि पिछले साल जिले में दिसंबर माह तक 64666 मीट्रिक टन खाद उपयोग हुआ था, जबकि इस वर्ष कृषि विभाग ने अक्टूबर से लेकर 15 दिसंबर तक 67720 मेट्रिक टन खाद का वितरण कर दिया है। इसके अलावा 18311 मेट्रिक टन खाद विभाग के पास मौजूद है।



### सबसे ज्यादा यूरिया की डिमांड

जिले में सबसे ज्यादा यूरिया की डिमांड है। गत वर्ष दिसंबर 2024 तक 39085 मेट्रिक टन खाद की खपत हुई थी, वहीं इस साल यूरिया की करीब 69466 मेट्रिक टन की डिमांड है, जिसके एवज में कृषि विभाग ने 44668 एमटी यूरिया का भंडारण किया था। इसमें से 37170 एमटी (मेट्रिक टन) यूरिया का वितरण किया जा चुका है, वहीं अभी 7498 मेट्रिक टन यूरिया विभाग के पास मौजूद है। बताया जा रहा है कि जिले में कुल 1 लाख 24 हजार 772 मेट्रिक टन खाद की आवश्यकता है, जिसके विपरीत विभाग ने अभी तक 67720 मेट्रिक टन खाद का वितरण कर दिया है। इसके अलावा एसएसपी 5934 एमटी, डीएपी 845 एमटी, एमओपी 1010, एनपीके 3024 मीट्रिक टन खाद का स्टॉक विभाग के पास मौजूद है, वहीं एसएसपी 10,366 एमटी, डीएपी 13278 एमटी, एमओपी 1233 एमटी, एनपीके 5673 एमटी का वितरण किया जा चुका है।

### 1944 हेक्टेयर बढ़ा, रबी फसल की बुआई का रकबा

इस साल कृषि विभाग ने रबी फसल की बुआई के रकबे में 1944 हेक्टेयर की बढ़ोत्तरी की है। कृषि विभाग के अनुसार इस साल गेहूं का रकबा 2 लाख 60 हजार निर्धारित किया है, वहीं अन्य फसलों में मक्का का रकबा 2400 हेक्टेयर, चना 44000 हेक्टेयर, मसूर 1000 हेक्टेयर, मटर 2000 हेक्टेयर, सरसो 18000 हेक्टेयर, अलसी 0.80 हेक्टेयर, कुसुम 0.020 हेक्टेयर और गन्ने का 24500 हेक्टेयर रकबा तय किया है। इस साल कृषि विभाग ने मक्का, चना, मसूर, मटर, सरसों, अलसी, कुसुम और गन्ने के रकबे में बढ़ोत्तरी की है, जबकि गेहूं का रकबा 224 हेक्टेयर कम हुआ है।

### जिले में 92 प्रतिशत बुआई कार्य पूर्ण


जिले में अब तक 92 फीसदी बोवनी कार्य पूर्ण हो चुका है। कृषि विभाग का कहना है कि दिसंबर के अंतिम समाप्त तक निर्धारित लक्ष्य के बराबर बुआई कार्य पूर्ण हो जायेगा। इस साल रबी फसल की बुआई का कार्य देरी से प्रारंभ हुआ है। जिसके कारण बुआई कार्य में भी देरी हो रही है। जिसके पीछे अक्टूबर के अंतिम सप्ताह तक हुई बारिश को कारण माना जा रहा है। इस साल जिले में अक्टूबर माह के अंतिम सप्ताह तक बारिश होते रही। जिससे खेतों से खरीफ फसल सोयाबीन, मक्का बनी रही। मक्का खेतों से हटाने के बाद किसानों ने खेत बनाकर रबी फसल की बुआई प्रारंभ की। जिससे रबी फसल की बुआई में देरी हुई।

### डिमांड भेजकर ज्यादा मंगाएंगे

बैतूल जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद मौजूद है। रबी सीजन के लिए जिले में 124772 मीट्रिक टन खाद की मांग है। जिसके एवज में अभी तक 86031 मीट्रिक टन खाद का भंडारण कर 67720 मीट्रिक टन खाद का वितरण किया जा चुका है। अभी भी 18,311 मेट्रिक टन खाद मौजूद है। यदि और खाद की जरूरत पड़ती है तो खाद की डिमांड भेजकर और ज्यादा मंगवाई जायेगी।

- डॉ. आनंद बडोनिया
उप संचालक, कृषि विभाग, बैतूल।

## अभी तक एक भी खुलासा नहीं कागज पर लिख गए कितने थे चोर और कहा... बाय-बाय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला

अब इसे चोर बिरादरी में पुलिस का कम होता खौफ कहें, पुलिस की सुस्ती कहें या फिर नए जमाने के नए चोरों का फैशन, चाहे जो भी कह लें, किंतु बीते दो दिनों पहले आमला थाने से महज चंद कदमों की दूरी पर इन नए फैशन के चोरों ने एक दुकान से बड़े आराम से लगभग 2 लाख का माल साफ कर दिया है, और जाते-जाते दुकानदार और पुलिस के लिए एक संदेश भी लिखकर दिया है।

दरअसल इन अनोखे चोरों ने चोरी करने के बाद दुकानदार के चेक बुक से एक चेक की कॉपी निकाल कर बाकायदा लिखा की चोरी के दौरान कितने चोर दुकान से बाहर थे, और कितने दुकान के अंदर चोरों के इस नए फैशन पर शहर में कुछ लोग चटकारे भी ले रहे हैं तो वहीं चोरों के इस बुलंद हौसलों से लोगों में भय भी पसर गया है। दरअसल बीते कुछ महीनो से इलाके के अलग-अलग क्षेत्र में लगभग दर्जन भर चोरी की घटनाएं हो चुकी है, किंतु अभी तक किसी भी चोरी का खुलासा नहीं हो पाया है, जो पूरी कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है।

### पीड़ित दुकानदार ने कहा.. बेखौफ हो गए हैं चोर

बीते दो दिनों पहले फॉरेस्ट ऑफिस के सामने दीपक सोनी की दुकान से अज्ञात चोरों ने लगभग ढाई लाख रुपए का सामान और नगदी पर हाथ साफ कर लिया है। यहां चोरों ने दुकान की टीन की बनी छत को खोलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है, जैसा कि दुकानदार ने बताया है कि चोर चोरी से पहले उनकी दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा भी खोलकर साथ में ले गए हैं। घटना के बाद सुबह जैसे ही दुकानदार अपनी दुकान पर पहुंचा उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी है।जैसा कि बताया जा रहा है कि चोरों ने चोरी करने से पहले यहां वन विभाग में जाकर अलाव के लिए लकड़ी की मांग भी की थी, इधर इस घटना से इलाके में अज्ञात चोरों को लेकर लोगों में दहशत है,और लोगों ने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है। इस मामले में आमला थाना प्रभारी मुकेश ठाकुर ने कहा है कि मामले की जांच की जा रही है जल्द ही हम चोरी का खुलासा कर देंगे।

## रक्तदान से बचेगी मासूमों की जान स्व.ओमप्रकाश सलूजा स्मृति में रक्तदान महाअभियान आज

**बैतूल**। मां शारदा सहायता समिति द्वारा अपने पितृ पुरुष, समाजसेवी और रक्तवीर स्व.ओमप्रकाश सलूजा के पुण्य स्मरण में कल 21 दिसंबर, दिन रविवार को गंज क्षेत्र में सुबह 10:30 बजे से विशाल रक्तदान शिविर और रक्तक्रांति सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर का उद्देश्य थैलीसीमिया और सिकलसेल से पीड़ति मासूम बच्चों का जीवन बचाना और जिले में रक्त की कमी को पूरा करना है।

### रक्तदान से जीवन रक्षा का संकल्प

आयोजकों ने बताया कि आज भी तमाम वैज्ञानिक अनुसंधानों के बावजूद रक्त का कोई विकल्प नहीं खोजा जा सका है। रक्त की आवश्यकता की पूर्ति केवल रक्तदाताओं से ही संभव है। बैतूल जिले में 600 से अधिक सिकलसेल और थैलीसीमिया से पीड़ति बच्चे हैं, जिन्हें हर महीने नियमित रूप से रक्त चढ़ाना पड़ता है। ऐसे में यह रक्तदान शिविर उनके लिए मील का पत्थर साबित होगा। 21 दिसंबर को रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिसे देखकर लोग स्वेच्छा से रक्तदान के लिए आगे आएंगे। साथ ही रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को रेड डोनेशन फिल्म में भी दिखाया जाएगा, जिससे समाज में सकारात्मक संदेश जाएगा।

### मासूमों की अपील और सम्मान का भाव

इस शिविर की विशेषता यह होगी कि सिकलसेल से पीड़ति मासूम बच्चे स्वयं रक्तदाताओं को गुलाब भेंट कर धन्यवाद देंगे और सभी से रक्तदान की भावुक अपील करेंगे। रक्तदान करने वाले प्रत्येक रक्तदाता को रक्तक्रांति सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक राष्ट्रगान से होगा। रक्तदाताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए आर्केस्ट्रा के माध्यम से रक्तदान गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी।

## व्यवस्थाओं की सराहना हुई केवी सारणी में डब्ल्यूसीएल के वरिष्ठ अधिकारियों का भ्रमण




**सारनी**। केंद्रीय विद्यालय सारणी में वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा विद्यालय का अवलोकन एवं भ्रमण किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने विद्यालय की शैक्षणिक एवं भौतिक व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया तथा शिक्षकों से संवाद कर शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी भी ली। इस भ्रमण दल में आभा द्विवेदी, डी. के. चंद्राकर, स्वाति चंद्राकर एवं संजय एम. मिश्रा ( एजीएम, डब्ल्यूसीएल पाथाखेड़ा एवं वीएमसी चेयरमैन) आदि उपस्थित रहे। विद्यालय पहुंचने पर समस्त स्टाफ द्वारा अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया गया।

अधिकारियों ने विद्यालय भवन, कक्षाओं, पुस्तकालय, शैक्षणिक संसाधनों एवं अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षकों एवं स्टाफ से मुलाकात कर विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, शिक्षण पद्धतियों तथा विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं पर चर्चा की। वरिष्ठ अधिकारियों ने विद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और भविष्य में शैक्षणिक गुणवत्ता को और सुदृढ़ करने पर बल दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### बिजली विभाग के कर्मचारी निकालकर ले गए ट्रांसफार्मर, नहीं लगाया

# ग्राम फांगरा में एक महीने से ब्लैक आउट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैंसदेही

भैंसदेही के ग्राम पंचायत बानुर का ग्राम फांगरा विगत एक माह से अंधेरे में डूबा हुआ है। यहां जो ट्रांसफार्मर लगा था, उसे खराब बताकर विद्युत विभाग के कर्मचारी निकालकर ले गये और अभी तक ट्रांसफार्मर नहीं लगाया। अब विभाग ग्रामीणों से बिजली बिल के ढाई लाख रुपये जमा करने के लिए कह रहा है। जिससे ग्रामीणों में विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी बनी हुई है।

दरअसल फांगरा ग्राम लगभग 30 घरों की बस्ती है और यहां करीब 150 लोग निवास करते है। ऐसे में विभाग द्वारा इतनी बढ़ी रकम जमा करने के फरमान से ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली के बिना उनका जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बिजली से संबंधित सभी कार्य ठप पड़े है। यहां तक कि मोबाइल चार्जिंग और आटा पिसवाने के लिए भी दूसरे गांव जाना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा दिक्कते स्कूली बच्चों



की है। बिजली के बिना बच्चे पढ़ाई नहीं कर पा रहे है। होमवर्क के अभाव में बच्चों को रोजाना स्कूल में शिक्षकों की नाराजगी का सहनी पड़ रही है। ग्रामीण वासुदेव मावसकर, मोहन मेठकर, दिपेश मावसकर, सुखचंद सेलकर, अतुल मावसकर, अंकेश मावसकर, प्रकाश मेटकर, सहदेव मावसकर सहित अन्य ग्रामीणों ने बिजली विभाग से तत्काल ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली सप्लाई बहाल करने की मांग की है।

### बच्चे नहीं कर पा रहे पढ़ाई, ग्रामीण भी परेशान

एक माह से गांव में ब्लैक आऊट की स्थिति बनी हुई है। इसका सबसे ज्यादा असर स्कूल बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। हालात यह है कि बिजली के बिना जनजीवन भी पूरी तरह प्रभावित होकर रह गया है। ग्रामीण सुखचंद सेलकर, अतुल मावसकर, अंकेश मावसकर ने बताया कि बिजली अधिकारियों से ट्रांसफार्मर लगाने के लिए कहा जाता है तो अधिकारी पहले ढाई लाख के बिजली बिल के भुगतान को कह रहे है। ऐसे में ग्रामीण इतनी बड़ी रकम कहां से जमा करेगे। ग्रामीण खेती करके अपनी जीविका चलते है। बच्चों की पढ़ाई करवाते है। ऐसे में ढाई लाख रूपये का बिजली बिल का भुगतान करना ग्रामीणों के लिए संभव नहीं है।

### मोमबत्ती के सहारे रोशन कर रहे मकान

*बिजली सप्लाई बंद होने के कारण ग्रामीणों को अपने घर रोशन करने के लिए मोमबत्ती का सहारा लेना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि राशन दुकानों से अब मिट्टी तेल मिलना भी बंद हो गया है। ग्रामीण दिनभर तो जैसे-तैसे काम चला लेते है, लेकिन रात्रि के समय घरों में अंधेरा छा जाता है। महिलाओं को भी बिजली के बिना खाना पकाना पड़ता है। ऊपर से अंधेरे के कारण जीव-जंतुओं का खतरा भी रहता है। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि बिजली की इस समस्या का शीघ्र समाधान कराया जाये, ताकि ग्रामीणों को गांव में ब्लैक आऊट जैसी स्थिति से निजात मिल सके। इस संबंध में भैसदेही विद्युत विभाग के जेई जलज*

### इनका कहना है

फांगरा के ग्रामीणों पर बिजली का काफी बिल बकाया है वे जमा करेंगे, तभी ट्रांसफार्मर लगाया जायेगा। इस संबंध में एमपीईबी के जेई जलज वाईकर से बात कर लिजिये।

*शैलेन्द्र ताड़गे, लाइनमैन, सावलमेढा विद्युत विभाग*

## हाईवे पर वाटर पार्क कर्मी की मौत

### नशे में धुत बाइक सवार ने मारी टक्कर, दो घायल

**बैतूल**। बैतूल जिले के बैतूल-इंदौर हाईवे पर देवगांव जोड़ के पास देर रात हुए सड़क हादसे में 20 वर्षीय प्रकाश मंसू उइके की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, प्रकाश अपनी बाइक से जा रहा था, तभी शराब के नशे में धुत अन्य बाइक सवारों ने उसे टक्कर मार दी। दुर्घटना में प्रकाश मौके पर गिर गया, जबकि दो अन्य युवक घायल हुए। राहगीरों ने घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया। प्रकाश बोदी जूना वाणी का निवासी था और स्थानीय वाटर पार्क में कार्यरत था। परिजनों ने बताया कि वह अपने छह भाइयों में पांचवें नंबर पर था और परिवार की आर्थिक मदद के लिए पढ़ाई छोड़कर काम करने लगा



था। वाटर पार्क संचालक के अनुसार, प्रकाश मेहनती और जिम्मेदार कर्मचारी था, पार्क में साफ-सफाई और सुरक्षा की जिम्मेदारियां संभालता था। पिछले दो दिनों से गार्ड की अनुपस्थिति के कारण प्रकाश स्वयं गेट पर चौकीदारी कर रहा था। दुर्घटना की रात भी वह चौकीदारी के लिए ही घर से निकला था।

खेड़ी चौकी प्रभारी उप निरीक्षक राकेश सरेआम ने बताया कि अस्पताल चौकी से मर्ग डायरी दर्ज कर मामले की जांच की जाएगी। मृतक के परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है और आरोपी चालक की पहचान कर हिरासत में लेने की कोशिश की जा रही है।

## गोवंश की तस्करी करते 2 आरोपी गिरफ्तार

**बैतूल**। जिले में गौवंश संरक्षण एवं अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एसपी वीरेंद्र जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी एवं एसडीओपी मुलताई एस.के. सिंह के मार्गदर्शन में थाना मुलताई पुलिस द्वारा गौवंश तस्करी के एक गंभीर प्रकरण में 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि 18 दिसम्बर की शाम लगभग 06.00 बजे थाना मुलताई पुलिस को विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बिरोली झिल्पा क्षेत्र में दो व्यक्ति चार नग गौवंश (बैल) को अवैध रूप से हांकते हुए ले जा रहे हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्रसिंह परिहार के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुँची। मौके पर पुलिस टीम ने पाया कि



दो व्यक्ति चार नग गौवंश बैलों को मारते-पीटते, भूखे-प्यासे हालत में पैदल हांकते हुए पट्टन की ओर ले जा

रहे थे। पुलिस टीम को देखकर आरोपी गौवंश को छोड़कर भागने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर बमुश्किल पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों द्वारा प्रारंभ में गौवंश को मोरसी (महाराष्ट्र) ले जाना बताया गया। वैध दस्तावेज मांगने पर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। सघन पूछताछ में दोनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे उक्त गौवंश को मोरसी, जिला अमरावती (महाराष्ट्र) स्थित कत्लखाने ले जा रहे थे। पुलिस ने राजेश उर्फ गोलू पिता जंगीलाल काले, उम्र 28 वर्ष, जाति गायकी, निवासी ग्राम घाट पिपरिया, थाना मुलताई, जिला बैतूल, दीनू उर्फ दिनेश पिता मिरगु सूर्यवंशी, उम्र 35 वर्ष, जाति निहाल, निवासी ग्राम प्रभातपट्टन, थाना मुलताई, जिला बैतूल को गिरफ्तार किया है। इनके द्वारा गौवंश को भूखे-प्यासे हालत में क्रूरतापूर्वक पैदल हांकते हुए कत्लखाने ले जाने का कृत्य किया जा रहा था।

### पुलिस ने विशेष टीम का किया गठन

## नाबालिग बालक को हरियाणा से दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा

**मुलताई**। मुलताई पुलिस को नाबालिग बालक को दूसरे प्रदेश ले जाने के मामले में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नाबालिग को हरियाणा के रेवाड़ी से सुरक्षित दस्तयाब कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादिया द्वारा दिनांक 13.12.2025 को थाना मुलताई में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उसके नाबालिग बालक को अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर



कहीं ले गया है। रिपोर्ट पर थाना मुलताई में अपराध क्रमांक 1135/25, धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण में नाबालिग बालक की शीघ्र दस्तयाबी हेतु थाना स्तर पर विशेष टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम दिल्ली-हरियाणा के रेवाड़ी रवाना हुई, जहां प्रयास कर नाबालिग बालक को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा।

## चीखल्दा बुजुर्ग में श्रीराम कथा व श्रीराम यज्ञ का विशाल आयोजन

**शाहपुर**। विकासखंड शाहपुर के चीखल्दा बुजुर्ग में श्री राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में श्री राम कथा व श्रीराम यज्ञ का आयोजन 18 दिसम्बर से किया जा रहा है। जिसमें तृतीय दिवस की कथा में बाबा अमरनाथ व माता वैष्णो देवी की भूमि जम्मू कश्मीर से पधारे संत कुसुम हिंदू रामायणी जी द्वारा भगवान भोलेनाथ की शादी से पूर्व शिव बने दूल्हा की कथा का वर्णन बहुत ही अद्भुत तरीके से किया गया। आपने भगवान भोलेनाथ के श्रृंगार का अत्यंत दिव्य और



अलौकिक वर्णन कर बताया कि प्रभु ने शरीर पर भस्म का लेप, जटाओ में गंगा का वास , सर पर चंद्रमा का मुकुट, गले में नागराज वासु की बागंभर वस्त्र, रुद्राक्ष की माला और सर्वांगभस्म से सुशोभित होने का वर्णन बहुत ही सुंदर संगीतमय भजन के साथ वर्णन किया। संत श्री की ओजस्वी वाणी और अविस्मरणीय वाचन ने भक्तों को भाव विभोर कर दिया। कथा में कल प्रभु श्री राम के जन्म की कथा का विस्तार से वर्णन किया जाएगा।

### जिलेभर के सामाजिक बंधुओं ने लिया भाग, हुए हवन और अनुष्ठान संपन्न

## ताप्ती तट पर संत गाडगे की 69वीं पुण्यतिथि मनाई

**मुलताई**। मां ताप्ती की पावन नगरी मुलताई में धोबी समाज के परमपूज्य स्वच्छता के जनक संत गाडगे महाराज की 69वीं पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जिलेभर से पहुंचे सामाजिक बंधुओं का सम्मान किया गया। दूर-दराज से आए समाज के लोगों ने संत गाडगे बाबा को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। ताप्ती तट स्थित संत गाडगे बाबा मंदिर में प्रातः 10 बजे हवन-पूजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी रामप्रसाद बाथरी (सुहागपुर) एवं सुरेश सोलंकी ने समाज को संगठित करने पर जोर दिया। वहीं



दिलीप सौदागर और अनिल तिडके ने महिला मोर्चा एवं युवा पीढ़ी को आगे लाने की आवश्यकता बताई। बैतूल से आए शशि सोलंकी, गजानंद वावसे, ललित गाडगे एवं प्रकाश सेवतकर ने भविष्य में कार्यक्रमों को और अधिक भव्य रूप देने का सुझाव रखा। मुलताई महिला मंडल ने भी आगामी आयोजनों को भव्य बनाने की बात कही।

कार्यक्रम के दौरान समाज बंधुओं द्वारा ह्लगोपाल गोपाल देवकीनंदन गोपालह्व एवं मां ताप्ती के भजन प्रस्तुत किए गए। मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर 17 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम की जिम्मेदारी अनिल पपाड़कर, विशाल राऊत, तुषार पपाड़कर, कार्तिक, शुभ एवं मोनू सेवतकर को सौंपी गई। पुण्यतिथि कार्यक्रम में जिलेभर से समाज के लोग सम्मिलित हुए। भक्तों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की।

// जाहिर सूचना //

आम जनता को सूचित किया जाता है कि वाहन क्रमांक **MP-48 ME-0825, हरिदास मालवीय पिता ब्रजमोहन मालवीय**, ठाकुर मोहल्ला शाहपुर जिला बैतूल के नाम से दर्ज है। जिनकी मृत्यु दि. 03/08/2011 को हो गई थी। यह वाहन जिला परिवहन कार्यालय बैतूल में पंजीकृत है। यह वाहन **श्रीमती ममता ओगले पति कविन्द्र ओगले** निवासी महावीर बस्ती गांधीनगर (भोपाल) के नाम से पंजीकृत किया जा रहा है। जिसको किसी प्रकार की आपत्ति हो, तो जिला परिवहन कार्यालय में 7 दिवस में आपत्ति दर्ज करा देवें।

**श्रीमती ममता ओगले**

## खबर संक्षेप



### जपाइगो की टीम ने किया जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं का निरीक्षण

**सीहोर।** केट ग्रीनस्टॉक की अध्यक्षता में जपाइगो की टीम द्वारा सीहोर के लेबर कॉलोनी स्थित संजीवनी क्लिनिक एवं कोठरी स्थित मेटरनल हेल्थ सेंटर पर स्वास्थ्य सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गर्भवती महिलाओं दी जा रही सेवाओं का मूल्यांकन किया और सेवाओं के सुदृणीकरण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### संतोषसिंह, सैनानी परिवार प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव व प्रवक्ता नियुक्त



**सीहोर।** मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर प्रभारी महासचिव डा.संजय कामले की सहमति से स्वतंत्रता संग्राम. सैनानी प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष अजय सीतलानी ने प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष संतोष सिंह को प्रदेश सचिव व प्रवक्ता नियुक्त किया है।जिले के कांग्रेस जन तथा सैनानी परिवार सदस्यों ने संतोषसिंह को बधाई देते हुए प्रदेश कांग्रेस नेताओं का आभार व्यक्त किया है। बधाई कर्ताओं में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओमदीप, रुक्मिणी रोहिला महेश चौरसिया, ओम वर्मा नईम नवाब,राजाराम बड़ेभाई,राजेंद्र वर्मा,धर्मेंद ठाकुर कुतुबउद्दीन शेख डा.अनीस खान पवन राठौर सुनीलदुबे,ओम प्रकाश बाबा जयंत शाह,घनश्याम यादव हरीश राठौर,प्रीतम चौरसिया,हरीशआर्य शैलेन्द्र पहलवान,विवेक राठौर नरेन्द्र खंगराले शंकर खरे ने बधाई देते हुए वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया है।

### विद्यार्थियों को प्रदान किए प्रमाण पत्र व ऑफर लेटर



**सीहोर।** प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन एवं आईटीसी मिशन सुनहरा कल कार्यक्रम के तहत सीहोर में संचालित हॉस्पिटैलिटी, इलेक्ट्रिकल एवं हेल्थकेयर कौशल्य विकास प्रशिक्षण केंद्र पर प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं ऑफर लेटर प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को आवश्यक मार्गदर्शन दिया और सेंटर का निरीक्षण भी किया। कार्यक्रम में आईटीसी स्टेट टीम के मनीष बक्शी द्वारा आईटीसी द्वारा सीहोर जिले में संचालित बहुउद्देशीय सामाजिक कार्यों के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान कुछ स्टूडेंट्स ने कार्यक्रम में अपने कार्य अनुभव भी सांझा किए। इसमें ओपी कुशवाह, राजेश परमार सहित विद्यार्थी उपस्थित थे।

### यात्रियों और व्यापारियों को भी खासी दिक्कतों से जूझना पड़ता था, वाहनों को निकलने में भी होती थी परेशानी

# नपं ने बस स्टैंड से अतिक्रमण हटाया, बेतरतीब खड़े होने वाले हाथ ठेलों को किया गया व्यवस्थित

नगर में स्थित बस स्टैंड लंबे समय से अतिक्रमण की चपेट में था। बस स्टैंड के बीचोंबीच स्थित यात्री प्रतीक्षालय के चारों ओर लोगों द्वारा तंबू लगाकर अस्थाई दुकानें संचालित की जा रही थी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

नगर परिषद ने आखिरकार शुक्रवार को अतिक्रमण विरोधी मुहिम चलाकर बस स्टैंड से अतिक्रमण हटा दिया । परिसर में अस्थाई अतिक्रमण कर दुकानें और हाथ ठेले लगाने वालों से जुर्माना भी वसूला गया है। इस दौरान परिसर में बेतरतीब खड़े रहने वाले फास्ट फूड, सब्जी व फल विक्रेताओं के हाथ ठेले को व्यवस्थित किया, साथ ही पेंट से सीमा रेखा खींचकर दुकानदारों से इस सीमा में रहने की सख्त हिदायत दी गई। अतिक्रमण हटाने और ठेलो को व्यवस्थित करने से यात्रियों और दुकानदारों को परेशानी से राहत मिली है।

गौरतलब है कि नगर में स्थित बस स्टैंड लंबे समय से अतिक्रमण की चपेट में था। बस स्टैंड के बीचोंबीच स्थित यात्री प्रतीक्षालय के चारों ओर लोगों द्वारा तंबू लगाकर अस्थाई दुकानें संचालित की जा रही थी, इसके साथ ही संपूर्ण परिसर में फास्ट फूड , सब्जी व फलों के हाथ ठेले बेतरतीब तरीके से खड़े रहते थे। जिससे यात्री वाहनों के आवागमन में परेशानी होने के साथ ही यात्रियों और व्यापारियों को भी खासी दिक्कतों से जूझना पड़ता था। इस समस्या के समाधान के लिए नागरिकों द्वारा नपं से लगातार गुहार लगाई जा रही थी। वही हरीभूमि अखबार द्वारा भी प्रमुखता से कही बार उठाया था आखिरकार शुक्रवार को नगर परिषद का अमला बस स्टैंड पहुंचा और वहां से अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की । हाथ ठेलो को व्यवस्थित रूप से लगवाएं और सीमा रेखा खींचकर आगे भी इसी सीमा में ठेलों को एक लाइन में व निर्धारित स्थान पर लगाने के निर्देश दिए गए, ताकि वे मार्ग में बाधा न बनें। इस संबंध में नपं के निर्माण शाखा प्रभारी राजेश बाहेती ने बताया कि ठेलों को एक लाइन में व निर्धारित स्थान पर लगाने के दुकानदारों को निर्देश दिए गए, ताकि वे मार्ग में बाधा न बनें। यह कार्रवाई यात्रियों की सुविधा, यातायात को सुगम बनाने और सार्वजनिक स्थान को अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए की गई है।

**सीमा रेखा खींची :** इस दौरान मौके पर अतिक्रमण हटाने के बाद पालिका प्रशासन द्वारा बस स्टैंड परिसर में रंग से सीमा रेखा खींचकर दुकानदारों को इस सीमा में रहने की हिदायत दी गई है। साथ ही चेतावनी देते हुए कहा गया है कि जो ठेले भी सीमा रेखा से बाहर होंगे उसके संचालक के खिलाफ जुर्माना वसूली की कार्रवाई की जाएगी।



**इछावर।** नगर परिषद टिम द्वारा लाइन खींची गई।



**इछावर।** नगर परिषद टिम द्वारा लगे अव्यवस्थित ठेले हटवाते हुए

#### की जाएगी निगरानी

नपं सीएमओ धरमराज यादव ने कहा कि बस स्टैंड की नियमित निगरानी अमले द्वारा की जाएगी , ताकि अतिक्रमण दोबारा न हो सके। कार्रवाई में प्रमुख रूप से। निर्माण शाखा प्रभारी राजेश बाहेती, अकांटेड संतोष कस्तवार, सहायक राजस्व निरक्षक त्रिलोक पवार, कमलेश वर्मा, आदि शामिल है।

## दलित पिछड़ा समाज संगठन के जिला अध्यक्ष बने विजय वर्मा



**रेहटी।** मध्य प्रदेश दलित पिछड़ा समाज संगठन ने प्रदेश में संगठनात्मक विस्तार की कड़ी में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए सीहोर जिले की कमान अनुभवी सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्रखर अंबेडकरवादी विचारक विजय वर्मा को सौंपी है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दामोदर सिंह यादव द्वारा कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अमोल रावत, प्रदेश महासचिव अमित बांसोड़ एवं प्रदेश सचिव सुनील सेरिया की अनुशंसा पर विजय वर्मा को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

इस नियुक्ति की खबर से संगठन के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं क्षेत्र के समाजजनों में उत्साह और हर्ष का माहौल है। सामाजिक कार्यकर्ता राहुल धावरे ने शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विजय वर्मा बीते दो दशकों से अधिक समय से सामाजिक सरोकारों से जुड़े हुए हैं और बहुजन महापुरुषों की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने के लिए सतत सक्रिय रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र में दलित, पिछड़े, वंचित एवं शोषित समाज के हितों तथा उनके हक-अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष किया है।

धावरे ने बताया कि विजय वर्मा सामाजिक, सांस्कृतिक एवं वैचारिक आयोजनों में भी अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं। बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर सहित बहुजन समाज के महापुरुषों की जयंती समारोह, संगोष्ठियाँ एवं विचार गोष्ठियों के आयोजन में उनकी सक्रिय सहभागिता रही है।

विजय वर्मा की नियुक्ति से दलित, पिछड़े और वंचित समाज को नया संबल मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। संगठन का मानना है कि इससे समाज के हक-अधिकारों की लड़ाई और अधिक मजबूती से लड़ी जाएगी तथा उसका लाभ बहुजन समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचेगा। इस अवसर पर क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवियों एवं गणमान्य नागरिकों ने विजय वर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। बधाई देने वालों में पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष अशोक वर्मा, अमित अर्जुन सिंह पटेल, विपत सिंह उईके कैलाश भिलाला, महेश हरियाले, जीवन सिंह धावरे, संग्राम सिंह चंद्रवंशी, मोनू भिलाला, शेख हनीफ कुरैशी, जज़्ील खान, ब्रजेश बकोरिया, धर्म सिंह गोयल, गोविंद सिंह कुशवाह, राजेश धनवारे, पूर्व सरपंच अनिल पवार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

## अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने दिया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने खुले में मांस,मछली बेचने वाले नियम के उल्लंघन को लेकर एसडीएम डीएस तोमर को ज्ञापन सोपा ज्ञापन में मांग की गई है कि रेलवे पुल के नीचे गुरुद्वारे के पास मांस मछली की दुकानो पर खुले में मांस बेचा जा रहा है जो कि नियमों का उल्लंघन है बस स्टैंड के पास भी खुले में मछली और मटन का बाजार लगाया जा रहा है इन पर कार्यवाही की जाए अन्यथा आंदोलन किया जाएगा इसी तरह क्रिसमस के अवसर पर स्कूलों में बच्चों को जबरदस्ती सांता क्लाज बनाया जाता है इस दिशा में भी निर्देश जारी किए जाएं इस अवसर पर मुख्य रूप से यशवंत साहू नगर अध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल, मुकेश अहिरवार,राम गोस्वामी, राजेश मांझी, कुबेर ठाकुर, अंकित तिवारी,अंकित साहू,सचिन मेहरा, राज कुमार लोचकर, मंगल केवट, गुड्डू प्रजापति, सोमा शंकर, जीतेन्द्र साहू, जीतेन्द्र ठाकुर संजय मौर्य आदि उपस्थित रहे।

## हम सब मिलकर संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे और जनता की समस्या को पुरजोर तरीके से उठाएंगे : राजीव



**सीहोर।** जिला कांग्रेस कार्यलय न्यू बस स्टैंड सीहोर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव गुजराती की अध्यक्षता में एवं महेश दयाल चौरसिया, ओम वर्मा के विशेष अतिथि में सीहोर जिले के नव नियुक्त ब्लाक अध्यक्ष जिसमे सीहोर -घनश्याम यादव आष्टा-धर्मेंद्र ठाकुर इछावर-बलवान पटेल बुधनी-सोनू राजपूत बिलकिसगंज-मनोज पटेल बिरजिसनगर-घनश्याम मीणा सोंडा-संतोष पटेल दोराहा-कलीम पठान श्यामपुर-रामनारायण शर्मा अहमदपुर देवीपुरा-पवन गुजर रेहटी-गुड्डू पटेल भेरुन्दा-सुनील गोलिया लाड़कुई-चन्दर मीणा गोपालपुरा- सुभाष पटेल शाहगंज-गिरदावर चौहान जावर-अरविंद ठाकुर आष्टा ग्रामीण- महेश मुंदीखेड़ी सिदिकगंज-राजाराम मालवीय का उपस्थित कार्यकर्ताओं द्वारा फूल मालाओं से जोरदार स्वगत किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राजीव गुजराती ने कहा कि प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी के अनुमोदन पर एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतु पटवारी के अनुसंशा पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नव नियुक्त ब्लाक अध्यक्षों की नियुक्ति की गई। जिसमें सीहोर जिले के सभी नवनियुक्त ब्लाक अध्यक्षों को बधाई एवं शुभकामनाऐं और जो पद मुक्त हुए हैं, उनका भी कांग्रेस पार्टी को सहयोग करने के लिये धन्यवाद व्यक्त किया है। साथ ही आशा है कि राष्ट्रीय एवं प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व की मंशा अनुरूप संबंधित पदाधिकारी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की नीतियों, सिद्धांतो और संगठनात्मक अनुशासन के अनुसार कार्य करेंगे एवं ब्लॉक स्तर पर संगठन को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। हम सब मिलकर जिले में कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करेगें एवं जनता की समस्याओं को पुरजोर तरिके से उठायेगें। नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से महेश दयाल चौरसिया, ओम वर्मा, प्रीतम दयाल चौरसिया, राजेंद्र वर्मा,रमेश गुप्ता, ओम बाबा राठौर, अरुण राय, प्रेम नारायण गुप्ता, सुनील दुबे, विवेक राठौर, राजेश भूरा यादव, रघुवीर सिंह , संजय हवेली,अजय पटेल, संजीव अग्रवाल, संतोष शर्मा, सत्यनारायण शर्मा आदि ने शामिल थे।

## उत्कृष्ट शिक्षकों और विद्यार्थियों के दल ने किया गुजरात भ्रमण



**बुधनी।** शासकीय सांदीपनि विद्यालय बुधनी सहित जिले के सभी सांदीपनि विद्यालयों के उत्कृष्ट शिक्षकों एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने शासन के निर्देश पर गुजरात राज्य का शैक्षणिक भ्रमण किया। लोक शिक्षण संचालनालय की संयुक्त संचालक संगीता ठाकुर के नेतृत्व में हुए इस भ्रमण के दौरान दल ने सोमनाथ मंदिर, साबरमती आश्रम, आईआईएम अहमदाबाद,साइंस सिटी,अक्षरधाम मंदिर, आनंद अमूल डेयरी, स्टेच्यू ऑफ यूनिटी, सरदार सरोवर बांध सहित अन्य प्रमुख स्थलों का अवलोकन किया बुधनी विद्यालय से उच्च माध्यमिक शिक्षक अनुपमा दुबे एवं कक्षा 10वीं के प्रतिभाशाली विद्यार्थी सुंधाशु पटेल और नैनसी कीर को भ्रमण के लिए चयनित किया गयाथा जिले के दल का नेतृत्व अनुपमा दुबे एवं शाहगंज सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य हरीश बारया ने किया भ्रमण से लौटने पर विद्यार्थियों और शिक्षकों का जिला एवं विकासखंड स्तर पर अधिकारियों तथा शाला परिवार द्वारा स्वागत किया गया शैक्षणिक भ्रमण के अनुभव साझा किए जाने से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों में उत्साह का वातावरण बना रहा।

## ट्राइडेंट ग्रुप ने किया स्वास्थ्य और स्वच्छता शिविर आयोजित



**बुधनी।** ट्राइडेंट ग्रुप द्वारा अपने सामाजिक दायित्वों के निर्वहन की दिशा में एक और सरहानीय पहल करते हुए संदिपनी शासकीय विद्यालय में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से जुड़ा विशेष जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर ट्राइडेंट ग्रुप के चेयरमैन पद्मश्री राजिंदर गुप्ता एवं सीएसआर प्रमुख मधु गुप्ता के मार्गदर्शन में सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत "श्रीजना मासिक धर्म स्वास्थ्य एवं स्वच्छता शिविर" के रूप में आयोजित किया गया गुरुवार को आयोजित इस शिविर में विद्यालय की कक्षा 6वीं से 8वीं तक की कुल 66 छात्राओं ने भाग लिया जागरूकता सत्र के दौरान छात्राओं को मासिक धर्म से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं इसमें मासिक धर्म स्वच्छता, शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य देखभाल,स्वच्छता के महत्व तथा इससे संबंधित सामाजिक भ्रांतियों और गलत धारणाओं को दूर करने पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का संचालन मधुबन अस्पताल की सीनियर नर्स मनीषा शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर ट्राइडेंट ग्रुप की सीएसआर टीम के प्रमुख अरविंद जी के नेतृत्व में हर्षिता यादव ने सत्र को सुचारु रूप से संपन्न कराया सत्र के दौरान छात्राओं ने खुलकर प्रश्न पूछे और विषय को गंभीरता से समझा, जिससे उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया हुआ। कार्यक्रम में शामिल छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया।

### भगवती देवी चेरिटेबल सोसाइटी भोपाल ने की ठंड में राहत के लिए पहल

# 157 विद्यार्थियों को वितरित किए स्वेटर





हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

नगर की शासकीय नवीन बालक हायर सेकेंडरी स्कूल, भैरुंदा में शुक्रवार को पुरस्कार वितरण एवं स्वेटर वितरण का गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भगवती देवी चेरिटेबल सोसाइटी, भोपाल के सौजन्य से 157 विद्यार्थियों को स्वेटर प्रदान किए गए, जिससे कड़ाके की ठंड में बच्चों को राहत मिली। स्वेटर वितरण कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की अध्यक्ष डॉ. रश्मि गुप्ता ने की। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या चित्रलेखा द्वारा अपनी ओर से मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार भी प्रदान किए गए, जिससे बच्चों का उत्साह बढ़ा और अध्ययन के प्रति प्रेरणा मिली। इस अवसर पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सु. साक्षी जैन, ललित कीर तथा मुकाती सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

अतिथियों ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की प्राचार्या चित्रलेखा मैडम सहित परिवार एवं विद्यार्थियों के सहयोग से सुव्यवस्थित और गरिमामय ढंग से संपन्न हुआ।

अंत में शाला परिवार ने बच्चों के हित में किए गए इस सहयोग के लिए डॉ. रश्मि गुप्ता एवं भगवती देवी चेरिटेबल सोसाइटी भोपाल के प्रति आभार व्यक्त किया।

## गली मोहल्लों में बच्चे उड़ा रहे चाइनीज डोर से पतंग

### आखिर कहां से आ रही है चाइनीज डोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



नगर के कई गली मोहल्लो में बच्चे चाइनीज डोर से पतंग उड़ा रहे हैं। वहीं प्रशासन द्वारा जारी किए गए आदेश में उल्लेखित चाइना डोर की बिक्री तथा स्टोरेंज पर पाबंदी का पालन नहीं हो पा रहा है। परिणाम स्वरुप चाइना डोर किसी इंसान या फिर पशु पक्षी के लिए किसी भी समय घातक साबित हो सकती है। दुकानदारों द्वारा गुपचुप तरीके से चाइना डोर की बिक्री की जा रही है। संक्रांति के त्यौहार को लेकर इस समय नगर में डोर बेचने वाले दुकानदार पूरी तरह से सक्रिय हो चुके हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चाइना डोर की बिक्री ब्लैक में की जा रही है क्योंकि चाइना डोर पर कांच व तीखा धातु लगा होता है जिसके चलते वह डोर आसानी से नहीं टूटती है ऐसे में पतंगबाजी करते बच्चों का पतंग ना कटे इसलिए बच्चे ज्यादा इस्तेमाल करते हैं जबकि युवा भी पतंगबाजी में चाइना डोर को ही प्राथमिकता देते हैं।नगर में बीते नवंबर माह से ही दुकानदारों ने चाइना डोर की स्टोरेज करनी शुरू कर दी थी। वही चाइना डोर से पतंग उड़ाने के शौकीन लोगों ने दुकानदारों को पहले ही पैसे देकर डोर के बंडल बुक करवा रखे है, जिसके चलते अब तक नगर में चाइना डोर की बिक्री हो चुकी है और अब संक्रांति त्योहार पास आता देख दुकानदारों द्वारा चाइना डोर ब्लैक में बेचना भी शुरू कर दिया गया है।

**इश्तेहार**

आम नागरिको को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद् इटारसी की दुकान कच्ची प्लाट नं. शीट 66x14 दुर्गा मंदिर जो कि नगर पालिका अभिलेख में किरायेदारी की दुकान श्री विवरण कुमार मोदी S/O नरेंद्र मोदी के नाम से दर्ज है जो किरायेदारी नाम परिवर्तन श्रीमती प्रियंका जैन W/O पुनीत जैन के नाम किरायेदारी में नाम परिवर्तन कराना चाहते है उक्त दुकान की किरायेदारी नाम परिवर्तन कराये जाने में किसी को आपत्ति है तो सभी मय दस्तावेज के साथ कार्यालय नगर पालिका परिषद् इटारसी के कायार्लीन समय में 15 दिवस के अंदर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि होने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद् इटारसी**

## नेहरू स्टेडियम में होगा आयोजन, पुलिस ने शहर में निकाला फ्लैगमार्च

# आज होगा करणी सेना का बड़ा आंदोलन हजारों लोगों के शामिल होने की संभावना




हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

शहर में रविवार को करणी सेना के जन क्रांति आंदोलन होगा। इस आंदोलन में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से हजारों लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। उधर जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट पर है। करणी सेना के 21 दिसंबर को होने वाले जनक्रांति आंदोलन से पहले शनिवार शाम को पुलिस ने शहर में फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान 50 से अधिक वाहनों और एक हजार से अधिक पुलिस जवानों ने शहर में शांति बनाए रखने की अपील की। पुलिस कंट्रोल रूम से शुरू हुआ फ्लैग मार्च अंबेडकर चौक, तेजाजी चौक, काली मंदिर, परशुराम चौक होते हुए नई सब्जी मंडी से वापस कंट्रोल रूम पहुंचा। यह मार्च आगामी आंदोलन के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने और जनता में विश्वास जगाने के उद्देश्य से किया गया। करणी सेना परिवार का जनक्रांति आंदोलन रविवार, 21 दिसंबर को शहर के नेहरू स्टेडियम में होगा। इसमें प्रदेशभर से हजारों करणी सैनिकों और राजपूत समाज के लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। आंदोलन की मुख्य मांग 12 और 13 जुलाई के लाठीचार्ज के दोषियों पर कार्रवाई करना है, साथ ही 21 सूत्रीय अन्य मांगें भी रखी जाएंगी। करणी सेना परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर भी इसमें शामिल होंगे।

### सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए

आंदोलन को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। जिले की चारों सीमाओं पर बैरिकेडिंग की गई है और आंदोलन स्थल के आसपास के मार्गों का यातायात डायवर्ट किया गया है। खंडवा, बैतूल और नर्मदापुरम की ओर जाने वाले वाहन डायवर्ट मार्गों से गुजरेंगे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए 10 कंपनी सुरक्षा बल और तीन जिलों का फोर्स पांच लेयर में तैनात रहेगा। कलेक्टर ने निगरानी के लिए 24 अधिकारियों और 48 पटवारियों की ड्यूटी लगाई है, जो 24 स्थानों पर निगरानी का काम करेंगे। इस बीच, उज्जैन जिले के महिदपुर से 11 करणी सैनिक 9 दिन में करीब 280 किलोमीटर पैदल चलकर शनिवार शाम को हरदा पहुंचे। उन्होंने गत 12-13 जुलाई को पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के लिए न्याय की मांग की।

### कई संगठनों ने किया समर्थन

करणी सेना के जिलाध्यक्ष सुनील सिंह राजपूत ने बताया कि उनके आंदोलन को जिले के कई सामाजिक संगठनों का समर्थन प्राप्त है। उन्होंने जुलाई माह में करणी सेना के सदस्यों पर हुई कथित बर्बरता के दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग भी दोहराई। उन्होंने दावा किया कि यह आंदोलन जिले का अब तक का सबसे बड़ा प्रदर्शन होगा। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि आंदोलन शांतिपूर्ण और संवैधानिक तरीके से आयोजित किया जाएगा। जिसमें करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवनसिंह शेरपुर सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हो रहे हैं।

### 3 हजार पुलिस बल जिले में मौजूद

पुलिस ने बताया कि जिले में 5 लेयर (पाँच स्तरीय) पुलिस सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। जो आंदोलन स्थल नेहरू स्टेडियम से लेकर जिले के समस्त एंट्री एवं एग्जिट प्वाइंट्स तक प्रभावी रूप से तैनात की गई है। सुरक्षा व्यवस्था के अंतर्गत 10 जिलों का पुलिस बल, विशेष सशस्त्र बल की एसएएफ की कई कंपनियाँ, क्यूआरएफ, एसटीएफ तथा यातायात पुलिस सहित कुल लगभग 1500 पुलिस कर्मियों को सुरक्षा व्यवस्था में लगाया गया है। संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त बल तैनात कर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु संवेदनशील क्षेत्रों में हाईटेक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। वहीं ड्रोन कैमरों के माध्यम से लगातार निगरानी रखी जाएगी। ताकि असामाजिक तत्वों द्वारा किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि को समय रहते चिन्हित कर प्रभावी कार्रवाई की जा सके। इसके अतिरिक्त, लगभग 1500 पुलिस कर्मियों का बल रिज़र्व में रखा गया है। वहीं समीपस्थ जिलों में भी अतिरिक्त रिज़र्व बल अलर्ट मोड पर रखा गया है। ताकि आवश्यकता पड़ने पर तत्काल बल उपलब्ध कराया जा सके।

## नायडू ने ली कांग्रेस की बैठक

# जिला समन्वयक समिति के साथ रणनीति पर चर्चा की




हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सह-प्रभारी और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (अकउउ) की सचिव उषा नायडू शनिवार को एक दिवसीय प्रवास पर हरदा पहुँचीं। यहां उन्होंने रकफ की और संगठन की मजबूती को लेकर सिलसिलेवार बैठकें कीं।

जिला समन्वयक समिति के साथ रणनीति पर चर्चा की। उन्होंने कांग्रेस जिला समन्वयक समिति की बैठक ली। इस बैठक में जिले के वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे। श्रीमती नायडू ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि ₹संगठन की एकता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। हमें जनता के बीच जाकर सरकार की विफलताओं को उजागर करना है और कांग्रेस की नीतियों को हर घर तक पहुंचाना है। श्रीमती नायडू ने बी.एल.ए. से मुलाकात की और उनसे सीधा संवाद किया। बैठक के दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस की जीत का रास्ता बूथ से होकर गुजरता है। उन्होंने बी.एल.ए. 2 से मिली जानकारियों की समीक्षा की और मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में सक्रियता एवं आगामी 3 माह की भी रणनीति पर बात की ।

बैठक में इन बिंदुओं पर भी चर्चा हुई कि बूथ प्रबंधनः बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाना। समन्वयः जिला समिति और जमीनी कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर तालमेल बिठाना। स्थानीय मुद्दों को प्राथमिकता देकर जनता के साथ जुड़ाव बनाना। इस अवसर पर हरदा प्रभारी रचना जैन, कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहन सांई, हरदा विधायक डॉ.रामकिशोर दोगने, पूर्व जिलाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पवार, पूर्व जिला अध्यक्ष ओम पटेल, वरिष्ट कांग्रेस नेता बद्री पटेल, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रमिला ठाकुर, गोविन्द व्यास,विनोद पटेल, संजय भायरे, शंकर सिंह सोलंकी, रामदीन पटेल, विक्रम राजपूत, सुरेन्द्र विश्नोई, आशुतोष कोठारी राधेश्याम सिहोरी, गोविन्द सुरमा, सूरज सिंह, शिवनारायण झुरिया, हीरा घुरे, सुप्रिया पटेल,नमिता पिपरदे,एवं समस्त ब्लाक अध्यक्ष गण,मंडलम,सेक्टर प्रभारी सहित बी एल ए 2 सहित भारी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जन्म शताब्दी वर्ष मनाने को लेकर की गई चर्चा

## धनवाड़ा में भाजपा की विधानसभा की कार्यशाला आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ रहटगांव

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जन्म शताब्दी वर्ष को लेकर भाजपा की विधानसभा की कार्यशाला आयोजित शनिवार को धनपाडां में भारतीय जनता पार्टी की विधानसभा स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री राजो मालवीय मौजूद रही। इस विधानसभा स्तरीय कार्यशाला में देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म शताब्दी वर्ष मनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर कार्य योजना बनाई गई प्रदेश मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के 2 साल के कार्यकाल पूरे होने पर चर्चा की गई। कार्यशाला को प्रदेश मंत्री राजो मालवीय जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा पूर्व विधायक व अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कुंवर संजय शाह अखिलेश बाके ने भी संबोधित किया। देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई द्वारा किए गए विकास कार्यों पर प्रकाश डाला और जन्म जयंती शताब्दी वर्ष मनाया जाने को लेकर चर्चा की। इस दौरान महामंत्री बसंत राजपूत जगदीश सोलंकी देवी सिंह सांखला मंडल अध्यक्ष संतोष गौर ,अतुल बारंगे, सुनील डूडी, सपना अग्रवाल, निशा दुबे मंडल महामंत्री रामकृष्ण सोलंकी सहित टिमरनी सिराली विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडल अध्यक्ष जिला पदाधिकारी महामंत्री बूथ अध्यक्ष सहित भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन अरुण गौर, दीपक गौर, राजेश तंवर, रामबालक गौर, ने किया वह आभार मंडल अध्यक्ष संतोष गौर ने माना।

## नैनो डीएपी के प्रयोग एवं न्यूट्रिएंट मैनेजमेंट विषय पर कार्यशाला

# कलेक्टर ने टेनोलॉजी को अंगीकरण करने, मृदा संरचना को खराब होने से बचाने, संतुलित मात्रा में उर्वरक उपयोग के लिए किसानों को प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा




कलेक्टर सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में हरदा में शनिवार को नैनो डीएपी के प्रयोग एवं न्यूट्रिएंट मेनेजमेंट विषय पर कर्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कलेक्टर जैन ने नैनो टेनोलॉजी को अंगीकरण करने, मृदा संरचना को खराब होने से बचाने एवं मृदा को ऊसर या अम्लीय होने से बचाते हुए संतुलित मात्रा उर्वरक उपयोग के लिए उपस्थित कृषकों, एवं आदान विक्रेताओं को प्रोत्सहित किया। इस दौरान कलेक्टर ने जैविक खाद के प्रयोग पर भी विशेष जोर दिया ताकि पारिस्तिथिकी संतुलन बना कर उत्पादन स्तर को बनाया जा सके। कार्यशाला में उपस्थित कृषि विज्ञान केंद्र हरदा के मृदा वैज्ञानिक डॉ. रूपचंद जाटव ने मृदा की संरचना में हो रहे परिवर्तन एवं उसके सुधार के विषय मे जानकारी दी।

पौध संरक्षण वैज्ञानिक डॉ. मुकेश बंकोलिया ने पौधे की आवश्यकता अनुसार उर्वरक एवं नैनो डीएपी के प्रयोग के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि पोषक तत्व आयनों के रूप मे पौधों को प्राप्त होते है। कार्यशाला में उपस्थित किसानों ने नैनो डीएपी के अपने-अपने अनुभव को मंच के माध्यम से साझा किया। टेमागांव के किसान श्री गणेश पटेल ने 50 एकड़ के रकबे पर भविष्य मे नैनो डीएपी के प्रयोग करने का वायदा किया। आलामपुर के किसान श्री सोनी एवं गरीबदास मुकाती गुरंजघाट ने अपने खेत में डेमो के माध्यम से नैनो डीएपी के प्रयोग से हुए लाभ को साझा किया। कोरोमंडल कंपनी के द्वारा किसान दायित्व भादुगांव को हाथ घडी एवं वन ग्राम कुमरुम के किसान बालक राम को एक ग्राम गोल्ड क्वाइन कंपनी की पॉलिसी के माध्यम से प्रदाय किये एवं उपस्थित सभी किसानों को एक लीटर नैनो डीएपी दिया गया। कार्यशाला में उप संचालक कृषि जे.एल. कास्दे ने संबोधित करते हुए मृदा में सूक्ष्म जीवों की संख्या बढ़ाने पर विशेष जोर दिया ताकि उर्वरा क्षमता को बढ़ाया जा सके। इस दौरान कोरोमंडल कंपनी के रिजनल बिजनिस हेड विवेक शर्मा, डिविजन फसल वैज्ञानिक अमित मिश्रा, ज़ोनाल मैनेजर नीरज उपध्याय एवं स्टाफ उपस्थित रहे। कोरोमंडल कंपनी के प्रतिनिधि ने कंपनी के उद्धेश्य और कार्य प्रणाली के विषय मे विस्तार से जानकारी प्रदान की। कार्यशाला में कृषि विभाग के कर्मचारी सहित कृषि आदान विक्रेता एवं किसान उपस्थित रहे।

# खेतों में बाघ की दहशत, रातभर जागते किसान, वन विभाग की चुप्पी पर फूटा गुस्सा




**सीहोर**। जिले के चंदेरी गांव में बीती रात करीब 2 बजे खेत के पास स्थित नाले से बाघ की तेज दहाड़ सुनाई दी, जिससे आसपास के गांवों में भय का माहौल बन गया। किसानों का कहना है कि खेतों में बाघ के पंजों के स्पष्ट निशान दिखाई दे रहे हैं। इससे पहले दो दिन पूर्व रामाखेड़ी गांव में भी बाघ के पंजे मिलने की सूचना किसानों ने वन विभाग को दी थी, लेकिन अब तक मौके पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। रात के समय बाघ की मौजूदगी के कारण किसान खेतों में पानी देने तक नहीं जा पा रहे हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि चंदेरी, रामाखेड़ी, उलझावन और रलावती जैसे गांवों में बाघ रातभर घूमता रहता है, जिससे किसानों और ग्रामीणों की जान पर खतरा मंडरा रहा है। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों में भय का वातावरण बना हुआ है। किसान रातभर जागकर अपने परिवार और मवेशियों की सुरक्षा करने को मजबूर हैं। इसके बावजूद वन विभाग के अधिकारी गांवों में गश्त करने या स्थिति का जायजा लेने नहीं पहुंचे, जिससे किसानों की परेशानी और बढ़ गई है।वन विभाग की उदासीनता से आहत होकर किसान एवं समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा के नेतृत्व में दर्जनों किसान वन रेंज बिलकिसगंज कार्यालय पहुंचे और जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों ने नारेबाजी करते हुए कहा कि वन विभाग अपने घरों में चैन की नींद सो रहा है, जबकि किसान भय और अनिश्चितता में रात गुजारने को मजबूर हैं। प्रदर्शन में किसान राम सिंह मेवाड़ा, रामाखेड़ी के पर्वत सिंह मेवाड़ा, मोतीलाल चंदेरी के अनूप मेवाड़ा पर्वत मेवाड़ा गुलाब सिंह मेवाड़ा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, वन मंत्री और वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की।

# शैक्षणिक संस्थाओं में पहुंचा दल, कॉलेज चलो अभियान की जानकारी दी गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

स्थानीय शासकीय महाविद्यालय के दल ने शैक्षणिक संस्थाओं शा.उत्कृष्ट विद्यालय, एकलव्य आवासीय विद्यालय तथा मॉडल स्कूल में पहुँचकर कॉलेज चलो अभियान की जानकारी दी। उन्होंने संस्था की विभिन्न गतिविधियों से छात्र-छात्राओं को विस्तार से अवगत कराकर प्रवेश ले लिए प्रोत्साहित किया। इन स्कूलों में डॉ. अंजू चौहान, डॉ. प्रवीण मालवीया, विक्रम खरते, डॉ. ओमवती सोलंकी, अमन यादव, बसन कन्नौजे, रितु गंगारेकर, तृप्ति महाजन आदि पहुंचे थे। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि शैक्षणिक योग्यता से ही उनके व्यक्तित्व एवं चरित्र निर्माण से ही जीवन की दिशा निर्धारित होती है। इसलिए शिक्षा, चिकित्सा, प्रशासन, सेना सहित विभिन्न शासकीय एवं निजी क्षेत्रों में समुचित स्थान बनाने के लिए अनुकूल वातावरण भी है। इस अवसर पर महाविद्यालय में साहित्यिक, सांस्कृतिक व खेल गतिविधियों के उपलब्ध होने की जानकारी भी छात्र-छात्राओं को दी गई।


## 566 बच्चों का टीकाकरण किया

**सीहोर**। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस के तहत जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया। जिले में 19 दिसंबर को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 396 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 170 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 64 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। स्वास्थ्य विभाग प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, शिविर लगाकर बच्चों के टीकाकरण के साथ ही गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है।

## पेयजल सप्लाई के पानी में गंदगी व बदबू से परेशानी

# पानी में कीड़े-पंख निकले, दो दिन में हो रही सप्लाई, फिर भी आ रहा गंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीहोर के नगरीय क्षेत्र में शुक्रवार सुबह पेयजल आपूर्ति के दौरान नलों से गंदा पानी आया। पानी में कीड़े और पंख साफ दिखाई दिए, जिससे निवासियों को पानी फेंकने के लिए मजबूर होना पड़ा।

आपूर्ति किया गया पानी मटमैला और हल्का हरा दिख रहा था, इसमें बदबू भी थी। निवासियों ने साफ पानी आने की उम्मीद जताई, लेकिन पूरी सप्लाई के दौरान गंदा पानी ही आता रहा। जानकारी के अनुसार, नगरीय क्षेत्र में दो दिन के अंतराल पर ही पेयजल की आपूर्ति होती है। इसके बावजूद आज निवासियों को स्वच्छ पानी नहीं मिल सका।

कई रहवासी उपभोक्ताओं ने गंदे पानी की आपूर्ति को लेकर शिकायतें दर्ज कराई हैं।

उनका कहना है कि दो दिन के अंतराल पर पानी मिलने के बावजूद उन्हें साफ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है।

## 24 तक मनाया जाएगा

# सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन गांव की ओर अभियान शुरू किया

**हरदा**। जिले में 19 दिसंबर से 24 दिसंबर के मध्य सुशासन सप्ताह - प्रशासन गाँव की ओर अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं और सेवाओं की अंतिम छोर तक प्रभावी डिलीवरी सुनिश्चित करना, जन शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निराकरण करना, प्रशासनिक कार्यप्रणाली में पारदर्शिता तथा उत्तरदायित्व और संवेदनशीलता को सुदृढ़ करना है। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने प्रशासन गांव की ओर अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिये जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी को नोडल अधिकारी तथा जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। अभियान के दौरान तहसील, जनपद पंचायत और ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में जनशिकायतों का मौके पर ही पंजीयन कर यथासंभव निराकरण किया जाएगा। जारी कार्यक्रम अनुसार 22 दिसम्बर को विकासखण्ड हरदा की ग्राम पंचायत नांदरा, मांगरूल, झाड़पा, भाटपरेटिया तथा जामलीदमामी में विशेष शिविर आयोजित होंगे। इसी प्रकार 22 दिसम्बर को खिरकिया विकासखण्ड के ग्राम जयमलपुरा, मुहालकला, मरदानपुर, मांदला, छुरीखाल, जिनवानिया व छिड़गांवमेल तथा टिमरनी विकासखण्ड के ग्राम गोंदागांवखुर्द, डेहरिया, छिरपुरा, चारखेड़ा व कपासी में विशेष शिविर आयोजित किये जायेंगे।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की फर्म मेसर्स M/S PRATHVI AGRO TECH पता NH-59, साई मंदिर के पास, इंदौर रोड हरदा जिसका फर्म एंड सोसाइटी कार्यालय में पंजीयन क्रमांक 01/08/002/0134/23 दिनांक 08/08/2023 को पंजीयत की गई थी जिसमे दो भागीदार (1)) कपिल जाट पिता श्री रामभरोस जाट (2) दिनेश जाट पिता श्री रामभरोस जाट थे, अब पाटनर्शिप में दिनांक 12/08/2025 को एक पार्टनर कपिल जाट पिता श्री रामभरोस जाट अपनी स्वेक्षा से फर्म से पृथक हो रहे है और इसी दिन नए पार्टनर के रूप में श्री रामभरोस जाट पिता श्री जगदीश जाट सम्मलित हो रहे है, दिनांक 12/08/2025 के बाद फर्म में दो पार्टनर (1) दिनेश जाट श्री रामभरोस जाट (2) रामभरोस जाट पिता श्री जगदीश जाट रहेंगे, सर्व साधारण को सूचनार्थ

**पृथ्वी एग्रो टेक**
**भागीदारः दिनेश जाट**
**अधिकृत डीलर महिंद्रा ट्रैक्टर**